उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान, जबलपुर की अन्तर्राष्ट्रीय हर्बल मेला, 2016 में भागीदारी

मध्य प्रदेश शासन एवं मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ के संयुक्त तत्वावधान में लाल परेड ग्राउन्ड जहाँगीराबाद, भोपाल में दिनांक 20-12-2016 से 24-12-2016 तक आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय हर्बल मेला, 2016 में संस्थान के वन विस्तार प्रभाग द्वारा संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों एवं उपलब्धियों का प्रदर्शन बैनर्स, पोस्टर्स, माडल, पम्फलेट्स, बुकलेट्, वन उपज से तैयार खाद्य पदार्थ, रिसाइकल्ड पेपर, टिशु कल्चर्स से तैयार पौधों आदि के माध्यम से किया गया। साथ ही संस्थान द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रकाशित पुस्तकों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। अकाष्ट वन उपज को सुखाने वाले भटठा/ड्रायर, स्टार्च; स्टार्च, खरपतवार एवं सागौन तथा स्टार्च एवं खरपतवारों से तैयार किये गये रिसाइकल्ड पेपर्स तथा कुसुम वृक्ष के फलों से तैयार शरबत, मुरब्बा, ठंडई, जेम, वटी के बारे में स्टाल विजिट करने वालों ने विशेष रूची ली। औषधीय पौधों जैसे तीखुर, सर्पगंधा, कालमेघ, गमारी, कलियेरी, गिलोय, सतावर, धृतकुमारी, गुडमार आदि की कृषि पद्धति, जैव उर्वरक एवं दीमक का प्रकोप एवं प्रबंधन, इमारती वृक्ष प्रजातियों सागौन, सफेद सिरिस आदि लाख कीट पोषक कुसुम वृक्ष का रिजनरेशन आदि से संबंधित पम्फलेटस का वितरण किया गया। सर्वोत्कृष्ट वृक्ष (प्लस ट्री) चयन, बीज फलोद्यान, बांस में होने वाले रोग एवं उनका निदान, बांसों के बहुमात्र प्रवर्धन के लिए नई अल्प लागत प्रौद्योगिकी संबंधित बुकलेट्स इच्छुक भ्रमणकारियों को वितरित की गई।

मेडिसिनल प्लान्टस ऑफ सेन्ट्रल इंडिया; हैन्ड बुक ऑन सीड कलेक्शन, प्रोसेसिंग एन्ड स्टोरेज; फ्यूल ओपरेटेड ड्राट टाइप ड्रायर फॉर नॉन वुड फॉरेस्ट प्रोड्यूज; सम इम्प्रोवाइस्ड फॉरेस्ट नर्सरी इक्विपमेंटस; प्रैक्टिकल हैन्ड बुक ऑन नर्सरी एन्ड प्लान्टेशन टेक्नोलाजी; औषधीय पौधों एवं अकाष्ट वन उत्पाद वृक्षों में पाये जाने वाले मुख्य रोग एवं उनका निदान; मशरूम उत्पादन एवं उपयोग; किसान नर्सरी; रतन जोत; बहुउद्देशीय वृक्षों की रोपणी एवं कर्षण की विधियां; एटलस ऑफ वुड डिकेयिंग फंजाई आदि पुस्तकों का विक्रय हेतु प्रदर्शन किया गया। टी.एफ. आई. आर. ट्राइकोकार्ड के प्रति लोगो ने जिज्ञासा दिखाई एवं कृषि क्षेत्र में इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी चाही। कृषक, विद्यार्थियों, हितग्राहियों (Stakeholders), एवं अन्य व्यापारियों के द्वारा स्टाल का भ्रमण किया गया।

संस्थान के वन विस्तार प्रभाग से डॉ. ममता पुरोहित, वैज्ञानिक-बी के नेतृत्व में श्री दीपक यादव, वन विस्तार प्रभाग, श्री गनेश पवार, लघु वन उपज प्रभाग एवं श्री शैलेन्द्र चंदेली, पुस्तकालय ने अन्तर्राष्ट्रीय हर्बल मेला, 2016 में स्टाल प्रदर्शन में भाग लिया।